## रेत चोरी के जुर्म में दो लोगों को एक-एक साल की सजा

**मंडला, देशबन्धु।** माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (श्री यश भारती) न्यायालय जिला मण्डला द्वारा द्वारा आरोपीगण (1) रवि भांवरे पिता रघुवीर भांवरे उम्र 23 वर्ष (2) शिवम भांवरे पिता रामलाल भावरे दोनो निवासी ग्राम पेटेगांव थाना महाराजपुर जिला मंडला को धारा 379 भा.द.स. 01 वर्ष का सश्रम कारावास एवं धारा 3/181 मो. व्ही. एक्ट में 01 माह का सश्रम कारावास एवं कुल 12000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

अभियोजन कहानी दिनांक 08.06.2023 को सुबह गश्त के दौरान उपनिरीक्षक हमेचंद बरमैया को मुखबिर से सूचना प्राप्त होने पर प्रधान आरक्षक क्रमांक 236 रामदयाल धुर्वे को हमराह लेकर संगम रोड पौंडी महाराजपुर पर एक नीले रंग का पावरट्रेक कंपनी का वाहन ट्रेक्टर क्रमाक एम. पी.-51 ए.ए.-6478 को रोककर चौक किया, जिसमें रेत भरी हुई थी। चालक से नाम पूछने पर उसने अपना नाम रवि बताया था तथा चालक से उक्त रेत परिवहन के संबंध में रॉयल्टी मांगे जाने पर रॉयल्टी नहीं होना बताया था। एवं उक्त रेत सिल्गी बंजर नदी से लाना बताया था। ट्रेक्टर के दस्तावेज मालिक के पास होना बताया था अभियुक्त से पूछताछ कर उसका मेमोरेण्डम कथन लिये गये। उक्त ट्रेक्टर साक्षीगण के समक्ष जप्त कर वाहन सुरक्षार्थ थाना लाकर खड़ा किया गया। वाहन ट्रेक्टर क्रंमाक एम.पी-51 जेड.ए.-6478 व नीले रंग की ट्रॉली क्रंमाक एम.पी.-51 ए.ए.-4108 के चालक अभियुक्त रवि भांवरे के विरूद्ध धारा 379 भा.द.स. एवं धारा 4/21 खान एवं खनिज अधिनियम का अपराध पाये जाने पर प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीबद्ध कर विवेचना उपरांत अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया।

विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से प्रस्तुत परिस्थितिजन्य साक्ष्य एवं तर्क से सहमत होते हुए विचारण उपरांत माननीय प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट जिला मण्डला द्वारा उक्त दण्ड से आरोपीगणों को कठोर दण्ड से दण्डित किया गया। विदित की आरोपीगणों ने रेत परिवहन के संबंध में खनिज कार्यालय मंडला में जुर्माना भी जमा किया गया था। शासन की ओर से प्रकरण में अभियोजन संचालन सहायक जिला अभियोजन अधिकारी श्री रमेशचन्द्र मिश्रा के द्वारा की गई है।

## वेतन से वंचित लैब टेक्नीशियन

**कुम्हारी, देशबन्धु।** स्वास्थ्य विभाग के निर्देशन में ग्रामीण अंचलों तक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ जन जन तक पहुंचे जिसको लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य क्रेन्द्र में लैब टेक्नीशियन तैनात हैं। उनमें आउटसोर्स के माध्यम से एजेंसियों ने इनको नियुक्त किया लेकिन इन्हें प्रति माह नियमित वेतन नहीं मिलता। अभी तीन से चार महीने का वेतन नहीं मिला।

उनकी आर्थिक स्थिति बिगड़ने लगी है।आखिरकार इन्होंने कंपनी मैनेजर से लेकर जिला सीएमएचओ तक आवेदन दिया मगर बात नहीं बनी। जिला कलेक्टर के लिए भी वेतन की समस्या को लेकर आवेदन दिया गया । मगर अभी तक वेतन नहीं मिला जिसके चलते प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की सेवाएं ठप होती हुई नजर आई। कुम्हारी स्वास्थ्य केंद्र में जहां ग्रामीण अंचलों से आई गर्भवती महिलाएं इस कुव्यवस्थाा से प्रभावित हैं।

## कलेक्टर ने उर्वरक गोदामों का किया निरीक्षण

### किसानों की रबी फसल हेतु यूरिया, डीएपी, एनपीके पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध

**मंडला, देशबन्धु।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने बुधवार को बड़ी खैरी मंडला के गोदाम में यूरिया, डीएपी और एनपीके की उपलब्धता का निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों को रबी फसल हेतु समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिले के किसानों की मांग के अनुरूप विभिन्न क्षेत्रों में उर्वरक परिवहन करने को कहा। जिससे किसानों को उर्वरक की कमी न हो और उन्हें समय पर पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध हो सके।

कलेक्टर सोमेश मिश्रा बुधवार को बड़ी खैरी मंडला में उर्वरक की उपलब्धता, वितरण एवं परिवहन का अवलोकन कर रहे थे। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री श्रेयांश कूमट, तहसीलदार मंडला श्री अजय श्रीवास्तव सहित मार्कफेड, कृषि विभाग और मत्स्य विभाग के अधिकारी मौजूद थे। जिले में विगत वर्ष की तुलना में रबी में एनपीके उर्वरक का उठाव बढ़ा है। कृषि विभाग द्वारा लगातार उर्वरक केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है और उर्वरक के सैंपल भी लिए जा रहे हैं। जिले में 6043 एमटी यूरिया, 844 एमटी डीएपी, 2204 एमटी एनपीके, 1428 एमटी एसएसपी, 322 एमटी पोटाश उपलब्ध है।

कलेक्टर ने कहा कि गोदाम और सहकारी समितियों में किसानों को नियमित रूप से उर्वरक उपलब्ध कराया जाए। किसानों के लिए पेयजल और छाया का प्रबंध भी कराया जाए। गोदाम और सहकारी समितियों में साफ-सफाई और सुरक्षा का



प्रबंध भी किया जाए। मंडला जिले के किसानों को रबी फसल हेतु यूरिया, डीएपी एवं एनपीके का वितरण लगातार किया जा रहा है। जिले में किसानों की रबी फसल हेतु उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। जिले के किसान की सुविधा को ध्यान में रखते हुए समस्त मार्कफेड गोदाम और सहकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में सभी प्रकार के उर्वरक भंडारित किए गए हैं। मार्कफेड गोदाम मंडला, नैनपुर, बिछिया और निवास में यूरिया, डीएपी, एनपीके उर्वरक उपलब्ध है। सभी सहकारी समितियों में भी पर्याप्त मात्रा में उर्वरक भंडारित है।

**सार-समाचार**

### महिला एवं बाल विकास विभाग राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर 28 को मंडला आएंगी

**मंडला, देशबन्धु।** प्रदेश शासन की महिला एवं बाल विकास विभाग राज्यमंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर 28 नवंबर 2024 को दोपहर 4 बजे सर्किट हाउस जबलपुर से प्रस्थान कर सायंकाल 6 बजे मंडला आगमन कर स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगी। आप रात्रि 9:30 बजे मंडला जिले से जबलपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### बाजार क्षेत्र में पानी की टंकी बनाने का विरोध



**मंडला, देशबन्धु।** नारायणगंज जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत खेड़ी नारायणगंज में बाजार है के चबूतरे शासन द्वारा लाखों की लागत में बनाए गए जिसे तोड़कर बीच बस्ती में पानी की टंकी निर्माण कर कराया जा रहा है जिसका विरोध बस्ती वालों ने किया है जिसकी लिखित शिकायत ग्राम पंचायत खैरी सरपंच को दी गई आवेदन देने के बाद भी पंचायत द्वारा किसी प्रकार की कोई कार्यवाही एवं निर्माण कार्य न रोकने के कारण जनता ने जिला कलेक्टर को शिकायत की है बाजार के दिन व्यापारी अपनी दुकान चबूतरे में लगाकर परिवार का भरण पोषण करते हैं चबूतरे ना होने कारण लोगों का रोजगार छीना जा रहा है भरण पोषण एवं परिवार की आर्थिक स्थिति दुकान न लगने से हो जाएगी अत: निवेदन किया गया है कि तत्काल ठोस कार्रवाई की जावे।

### ट्राला से कुचलकर युवक की मौत, फरार चालक को पकड़ा

**जबेरा, देशबन्धु।** जबलपुर स्टेट हाईवे पर जबेरा थाने के गहरा तिराहा के पास बुधवार दोपहर को बीड़ी का बंडल लेकर आ रहे एक युवक को ट्राले ने कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। गुस्साए परिजनों ने दमोह-जबलपुर हाईवे पर जाम लगा दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को समझाइश देकर जाम खुलवाया।

जानकारी के अनुसार, ट्राला दमोह से जबलपुर की ओर जा रहा था। हादसे के बाद ट्राला चालक वाहन लेकर फरार हो गया, लेकिन जबेरा पुलिस ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। मृतक दुर्गा के पिता किशोरी पटेल ने बताया कि उनका बेटा बीड़ी का बंडल लेने सड़क किनारे बनी दुकान पर गया था। लौटते समय वह सड़क किनारे ही चल रहा था, लेकिन एक ट्राले ने उसे टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने हाईवे पर जाम लगा दिया और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे। जबेरा टीआई विकास चौहान मौके पर पहुंचे और परिजनों व ग्रामीणों को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। करीब आधे घंटे बाद जाम समाप्त हुआ। इस विरोध प्रदर्शन से स्टेट हाईवे पर दमोह-जबलपुर मार्ग के दोनों ओर बड़ी संख्या में वाहनों की कतार लग गई।

### 50 लाख के जेवरात लेकर भागे चोरों ने हादसे के बाद कैंटीन में छिपाया था बैग

**दमोह, देशबन्धु।** शहर के राधिका मैरिज गार्डन से सोमवार की रात 50 लाख रुपए के जेवरात चोरी कर भाग रहे चार आरोपियों की कार पलट गई। इसके बाद जब वे घायल अवस्था में अस्पताल पहुंचे तो उन्होंने जेवरात से भरा बैग कैंटीन में छिपा दिया था, जिसे बाद में पुलिस ने बरामद किया। आरोपियों के तार राजगढ़ जिले के कड़िया गांव के बैंड बाजा बारात गिरोह से जुड़े हैं, जो शादी-विवाह के दौरान चोरी करने के लिए माहिर हैं। गिरोह का फरार आरोपी रितिक अब तक 20 से ज्यादा इस तरह की वारदातें कर चुका है। पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी है। घायल हुए दोनों आरोपियों को मंगलवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से पुलिस ने दो दिन की रिमांड मांगी है। वहीं, हादसे में मृतक आरोपी युग सिसोदिया का पोस्टमॉर्टम कराने के बाद राजगढ़ से आए परिजन शव लेकर चले गए।

देर शाम परिजनों ने न्यायालय में शादी का कार्ड प्रस्तुत करते हुए जेवरात वापस देने की अपील की, जिस पर न्यायालय ने आदेश दिया कि जेवरात लौटाए जाएं।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में मनाया संविधान दिवस



**मंडला, देशबन्धु।** भारत में संविधान दिवस 26 नवंबर को मनाया जाता है। यह दिन इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि 1949 को इसी दिन हमारे देश ने अपना संविधान अपनाया था । इसी तारतम्य में विगत दिवस जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंडला में न्यायाधीश माननीय प्रवीण सिन्हा के मुख्य आतिथ्य में संविधान दिवस मनाया गया जिसमें '' भारत में जनसंख्या नियंत्रण कानून क्यों आवश्यक है '' विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर मण्डला के 12 वीं के छात्र यशमीत प्रकाश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

संविधान दिवस पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए न्यायाधीश माननीय प्रवीण सिन्हा ने कहा कि संविधान अनुसार - व्यक्ति द्वारा प्राप्त दायित्वों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन न करना भी भ्रष्टाचार की श्रेणी में आता है । कार्यक्रम में उपस्थित सभी सम्माननीय अतिथियों एवं श्रोताओं ने सभी छात्र-छात्राओं एवं यशमीत प्रकाश के लिए उज्जवल भविष्य की कामना की।

## राज्यपाल मंगुभाई पटेल 28 रिपटा विवाह समारोह में शामिल होंगे

**मंडला, देशबन्धु।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल 28 नवंबर 2024 को सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते जी के परिवार में आयोजित विवाह समारोह कार्यक्रम में शामिल होंगे। आप 28 नवंबर 2024 को दोपहर 12 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा ढ़ाबा एयरपोर्ट इंदौर से निवास जिला मंडला के लिए प्रस्थान करेंगे। आप दोपहर 2 बजे निवास मंडला आगमन कर कार द्वारा ग्राम जेवरा रिपटा के लिए प्रस्थान करेंगे। दोपहर 2:10 से दोपहर 3:10 तक जेवरा रिपटा में आयोजित विवाह समारोह कार्यक्रम में शामिल होने के बाद दोपहर 3:10 बजे कार द्वारा निवास के लिए प्रस्थान करेंगे। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल दोपहर 3:15 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा डुमना एयरपोर्ट जबलपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## रामनगर में बहुउद्देशीय प्रशिक्षण केन्द्र और बस स्टैंड का निरीक्षण

**मंडला, देशबन्धु।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने बुधवार को ग्राम पंचायत रामनगर जिला मंडला में निर्माण किए जा रहे बहुउद्देशीय प्रशिक्षण केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण समय सीमा में करने के निर्देश दिए।

विभागीय अधिकारियों को उक्त निर्माण कार्यों का नियमित रूप से निरीक्षण करने को कहा। आवागमन मार्ग में भराव करने के निर्देश दिए, जिससे बहुउद्देशीय प्रशिक्षण केन्द्र आने में कठिनाई न हो। बहुउद्देशीय प्रशिक्षण केन्द्र में टाईल्स, बिजली फिटिंग और पुट्टी पुताई का कार्य गुणवत्तापूर्ण करने को कहा। बहुउद्देशीय प्रशिक्षण केन्द्र के चारों ओर बाउंड्रीवॉल और बैठक व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने इस अवसर पर रामनगर बस स्टेंड का निरीक्षण किया।

उन्होंने बस स्टेंड में अव्यवस्थित व अतिक्रमण कर संचालित करने वाले दुकानों को ग्राम पंचायत के माध्यम से व्यवस्थित ढंग से स्थापित करने के निर्देश दिए। जिससे आवागमन में किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने इस अवसर पर बस स्टेंड रामनगर की दुकानों का भी निरीक्षण किया। बस स्टेंड के समीप बहने वाली नालियों की मरम्मत करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस अवसर पर कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र का भी निरीक्षण किया।

## कलेक्टर ने किया स्टेडियम ग्राउंड का निरीक्षण

**मंडला, देशबन्धु।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने स्टेडियम ग्राउंड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मैदान को आधुनिक तरीके से सुसज्जित करें। कलेक्टर ने कहा कि आगामी 5 दिसम्बर से खेलो एमपी यूथ गेम्स के अंतर्गत विभिन्न खेलों का आयोजन किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी रविन्द्र ठाकुर, खनिज अधिकारी राहुल शांडिल्य, नगर पालिका सीएमओ गजानंद नाफड़े सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने मैदान की साफ-सफाई एवं झाड़ियों को हटवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्टेडियम की देख-रेख के लिए एक कर्मचारी नियुक्त करें। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि रोलर और रेजर के माध्यम से मैदान को समतल करना सुनिश्चित करें।

## ग्राम चौगान में होम स्टे निर्माण का अवलोकन किया

### पर्यटक ग्रामीण संस्कृति और परिवेश से अवगत होंगे

**मंडला, देशबन्धु।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने बुधवार को ग्राम चौगान जिला मंडला में निर्माण किए जा रहे होम स्टे का अवलोकन किया। उन्होंने होम स्टे का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्वक ग्रामीण परिवेश में करने के निर्देश दिए। जिससे होम स्टे पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र बन सके। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने पर्यटकों को मुख्य मार्ग से होम स्टे तक जाने के लिए मार्ग निर्माण करने के निर्देश दिए।

मार्ग का निर्माण भी ग्रामीण परिवेश में किया जाए। पर्यटकों के लिए होम स्टे में आराम, भोजन, पानी, शौचालय और ग्रामीण पेंटिंग की सुविधा उपलब्ध रहेगी। उल्लेखनीय है कि पर्यटन के क्षेत्र में इन दिनों होम स्टे की डिमांड तेजी से बढ़ रही है। अब पर्यटक बड़े-बड़े होटलों को छोड़कर होम स्टे में रहना पसंद कर रहे



हैं। जिससे पर्यटक को ग्रामीण संस्कृति और ग्रामीण जीवन को समझने में सरलता होगी।

मंडला जिले में विदेशी और भारत देश के पर्यटक लगातार आते रहते हैं, जिसमें मंडला जिले में कान्हा किसली, रामनगर के किले, सहस्त्रधारा, नर्मदा नदी, माहिष्मती घाट, गरम पानी कुंड बबैहा, जिलहरी घाट, काला पहाड़, मनेरी औद्योगिक क्षेत्र, चौगान की मढ़िया, देवगांव संगम सहित विभिन्न क्षेत्र प्रमुख हैं। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने निर्देशित किया है कि मंडला जिले में आने वाले पर्यटकों के लिए होम स्टे जैसी सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए। होम स्टे में जैसी व्यवस्था होगी, वह घर जैसी होगी। पर्यटक को ऐसा महसूस नहीं होगा कि वह किसी होटल में रूका है।

## कलेक्टर ने जंतीपुर में मत्स्य बायोफ्लाक इकाई का निरीक्षण किया

**मंडला, देशबन्धु।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने बुधवार को ग्राम पंचायत जंतीपुर विकासखंड मंडला में किसान धनंजय पटेल के मछली उत्पादन हेतु निर्मित बायोफ्लाक इकाई का निरीक्षण किया। किसान धनंजय पटेल को मत्स्य विभाग द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना से लाभान्वित किया गया है। वह इस योजना के माध्यम से मछली बीज का उत्पादन और मछली पालन कर रहा है। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने किसान धनंजय पटेल के खेत में जाकर मछली बीज उत्पादन और मछली पालन का अवलोकन किया।

उन्होंने इस अवसर पर बायोफ्लाक पोण्ड लाईनर और बागवानी के संबंध में जानकारी प्राप्त की। किसान धनंजय पटेल के लिए मत्स्य पालन को बढ़ावा देने हेतु स्थानीय स्तर पर मार्केटिंग की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। मत्स्य पालन विभाग को मार्केटिंग के संबंध में कार्यवाही करना होगा। जिससे किसान धनंजय पटेल एक समृद्ध किसान बन सके। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रेयांश कूमट, तहसीलदार मंडला अजय श्रीवास्तव सहित कृषि एवं मत्स्य पालन विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

## कलेक्टर ने झालपानी में जन आरोग्यम शिविर का निरीक्षण किया

### शिविर में विभागों के द्वारा लगाए गए स्टॉलों का किया अवलोकन

**मंडला, देशबन्धु।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के द्वारा बुधवार को मंडला जिले के ग्राम पंचायत झालपानी में आयोजित आरोग्यम मंडला जन स्वास्थ्य शिविरों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने आयोजित शिविर में सभी विभागों को समन्वय बनाकर अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। आयोजित शिविर में पहुंचे प्रत्येक नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनका उपचार करते हुए नि:शुल्क दवाईयां वितरण करने को कहा।

विभागों के द्वारा शिविर में ग्राम पंचायत के 352 नागरिकों का पंजीयन कर उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं तथा स्वास्थ्य सेवाओं से लाभान्वित किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा खून की जांच, टीबी की जांच, सिकलसेल की जांच, गर्भवती महिलाओं की जांच और बच्चे का टीकाकरण किया गया। कलेक्टर श्री



सोमेश मिश्रा ने जन आरोग्यम शिविर का व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए। जिससे ग्राम के सभी नागरिक इस शिविर का लाभ उठा सकें।

उन्होंने शिविर में पहुंचे हितग्राहियों को उनकी पात्रतानुसार आयुष्मान कार्ड, संबल कार्ड तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन और अन्य योजनाओं से लाभान्वित करने को कहा। उन्होंने जन आरोग्यम शिविर में 70 प्लस से अधिक आयु के नागरिकों का अनिवार्य रूप से आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए। जिससे इन्हें स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके।

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने जन आरोग्यम शिविर में पहुंचे बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषण आहार वितरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आयोजित जन आरोग्यम शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इस शिविर में अधिक से अधिक नागरिक आकर नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाओं और स्वास्थ्य जांच का लाभ जरूर उठाएं। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रेयांश कूमट, तहसीलदार मंडला अजय श्रीवास्तव सहित जिला, जनपद एवं स्थानीय स्तर के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने इस अवसर पर विभागों के द्वारा शासन की योजनाओं और उपलब्धियों को प्रदर्शित करते हुए लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया।

**//इश्तिहार//**

मैं YASHWANI RAHADWANI पिता CHANDRBHAN RAHADWANI निवासी Dr. AMBADKAR WARD NO.10 NEAR STATE BANK MANDLA MP. 481661 कथन करती हूँ कि मेरे शैक्षणिक अभिलेख मे मेरा नाम YASHWANI RAHANDWANI पिता CHANDRBHAN RAHANDWANI माता HEMA RAHANDWANI लिखा है जो त्रुटि वश हो गया है जिसे मैंने त्रुटि सुधार उपरांत YASHWANI RAHADWANI पिता CHANDRBHAN RAHADWANI माता HEMA RAHADWANI कर लिया है जो कि आधार कार्ड व पेन कार्ड मे सही है अत: मुझे YASHWANI RAHADWANI पिता CHANDRBHAN RAHADWANI माता HEMA RAHADWANI नाम से जाना व लिखा जाये।

पुराना नाम - YASHWANI RAHANDWANI
पिता - CHANDRBHAN RAHANDWANI
माता - HEMA RAHANDWANI
त्रुटि सुधार उपरांत - YASHWANI RAHADWANI
पिता - CHANDRBHAN RAHADWANI
माता - HEMA RAHADWANI